राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद

संख्या–91 (लो0रा0आ0)/2023–24

डॉ. राम मोहन झा, पिता–स्व. महादेव झा, राज अस्पताल कैम्पस, पोस्ट–लालबाग, जिला–दरभंगा–846004

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक	
19.10.2023	डॉ. राम मोहन झा, पिता–स्व. महादेव झा, राज अस्पताल कैम्पस, पोस्ट–लालबाग, जिला–दरभंगा–846004 के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–18.10.2023 इस कार्यालय में दिनांक–19.10.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में 10/- रूपए का एक पोस्टल ऑर्डर संख्या–59F 993908 दिनांक–27.05.2023 संलग्न है। इसे लेखा शाखा को हस्तगत करायें। अपीलार्थी डॉ. राम मोहन झा ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–अस्पष्ट को सूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय को दिया था, परंतु सूचना लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा दिये गये सूचना से असंतुष्ट होने के फलस्वरूप प्रथम अपीलीय प्राधिकार, राज भवन के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। साथ ही अपीलार्थी डॉ. राम मोहन झा ने उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–अस्पष्ट की प्रति भी संलग्न किया है। लोक सूचना पदाधिकारी से अपीलार्थी डॉ. झा के उपर्युक्त प्रपत्र 'क' दिनांक–अस्पष्ट से संबंधित अभिलेख की माँग करें तथा अभिलेख पुनः सुनवाई हेतु दिनांक–16.11.2023 को उपस्थापित करें। सभी संबंधित को सूचित करें। 19/10/2023 **विशेष कार्य पदाधिकारी** –सह– **प्रथम अपीलीय प्राधिकार**	

ज्ञापांक- 1634 रा0स0 (III) दिनांक- 20-10-2023

प्रतिलिपिः-लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/डॉ. राम मोहन झा, पिता-स्व. महादेव झा, राज अस्पताल कैम्पस, पोस्ट-लालबाग, जिला-दरभंगा-846004 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/10/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी